## उत्तर पश्चिम रेलवे
### ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** SNT-GSU-All-2025-26-06R(02), **कार्य का नाम:** S&T work in Connection with-"Construction of a new platform at the second entry of Udaipur station with matching facilities for redevelopment activities for major station upgradation at Udaipur" over Ajmer Division of NWR, **अनुमानित लागत:** Rs. 78,83,589.47, **Bid Security:** Rs. 1,57,700.00, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 23.02.2026 को 15:00 बजे, **ई-निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 23.02.2026 को 15:30 बजे, उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता www.ireps.gov.in 174-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## उत्तर पश्चिम रेलवे
### ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** मं. रे. प्र. टीआरडी-26-2025-26, **कार्य का नाम:** All/TRD- Reconditioning of Existing TRD Danger/ Caution boards, bonding & regulating Equipment through Replacement and Painting over Ajmer Division, **अनुमानित लागत:** Rs. 93,43,368.00, **बयाना राशि:** Rs. 1,86,900/-, **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र. टीआरडी-27-2025-26, **कार्य का नाम:** A. All/TRD Provision of Model OHE facility, IOL/PTFE shifting work and replacement of highly corroded rusty cantilevers (MDL-BHL section) over Ajmer Division, B. All / TRD: Conversion of 25KV underground cabling system to overhead feeder system for SIM TSS and PDWA TSS of Ajmer Division. C. All/TRD- Provision of standard OHE arrangement at platform over Ajmer Division. D. All /TRD- Provision of spare Mast/Portal and additional T&Ps for improvement of testing facilities over Ajmer Division. **अनुमानित लागत:** Rs. 5,65,51,879.80, **बयाना राशि:** Rs. 4,32,800/-, **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 24.02.2026 को 15:00 बजे, **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 24.02.2026 को 15:30 बजे, उपरोक्त ई-निविदाओं की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता - www.ireps.gov.in 177-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
### लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्रीमती ललिता मिश्रा पत्नि वीरेन्द्र कुमार मिश्रा की ग्राम कोटडा के खसरा नंबर 772 भूखण्ड संख्या 28 में क्षेत्रफल 167.22 वर्गमीटर के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।
उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### NAME CHANGE

I Nilam Devi Wife of Army No. 15802140Y, NK, Purushottm Kumar Residing at Vill:- Masdi, Po & Teh:- Sultanganj, Distt:- Bhagalpur, Bihar, Pin:- 813213 have change my name from Nilam Devi to Nilam Kumari vide affidavit no. CA 479455 dt 04/02/2026 at court campus Nasirabad

### NAME CHANGE

I, Army No. 14663020W, Hav, Phudan Prasad Sharma Residing at Vill & Po:-Musapur, Teh:- Korha, Distt:- Katihar, Bihar, Pin:- 854108 have change my daughter's name from Somyya Kumari to Somyya vide affidavit no. CA 479450 dt 03/02/2026 at court campus Nasirabad

## उत्तर पश्चिम रेलवे
### ई- निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्या : कैरिज-11-2026 दिनांक 04.02.2026 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थान:** "कैरज वर्कशॉप अजमेर में पैंट्री कारों की मरम्मत और टेस्टिंग (वर्क के दायरे के अनुसार), **अनुमानित लागत:** रु. 411599.86, **टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट:** रु. 00.00, **बयाना राशि:** रु. 8200.00, **ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख:** दिनांक 27.02.2026 समय 15.00 बजे तक, **वेब साइट का विवरण:** www.ireps.gov.in, **पात्रता मानदंड:** लागु नहीं। **नोट:** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशि केवल की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने IREPS है| 183-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# विश्व कैंसर दिवस पर अजमेर में जन जागरूकता की अनूठी पहल

**■ निजी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सीएमएचओ ने किया समय पर जांच का आव्हान**

**अजमेर, (कासं)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अजमेर शहर में विभिन्न अस्पतालों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज शहर के एक निजी अस्पताल में कैंसर दिवस के मौके पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को समझाना रहा।

**दिव्यांग व स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल:** कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों सहित शहर के विभिन्न स्कूलों के नन्हे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत, नृत्य और संदेशात्मक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश प्रभावी रूप से दिया।

**सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा रहीं मुख्य अतिथि:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. ज्योत्सना रंगा शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कैंसर की अर्ली डिटेक्शन (प्रारंभिक पहचान) और समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया। डॉ. रंगा ने कहा कि कैंसर यदि शुरुआती चरण में पहचान लिया जाए तो इसका उपचार संभव है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है।

**समय पर जांच और सही उपचार की दी सलाह:** सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय रहते जांच कराएं। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही कैंसर से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

**आदिनाथ कैंसर सेंटर पर लगेगा नि:शुल्क स्क्रीनिंग शिविर:** डॉ. रंगा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी कुछ दिनों बाद अजमेर शहर स्थित आदिनाथ कैंसर सेंटर पर एक विशेष कैंसर जांच शिविर का आयोजन 4 से 11 फरवरी तक किया जाएगा। इस शिविर में अस्पताल की ओर से आने वाले मरीजों की नि:शुल्क स्क्रीनिंग की जाएगी।

# दौराई गैस प्लांट के पास टेम्पो पलटा, मदरसे के 5 बच्चे घायल

**अजमेर, (कासं)।** दौराई गैस प्लांट के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां बच्चों से भरा एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे टेंपो में सवार करीब 5 बच्चे घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल बच्चों को अजमेर के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार घायल सभी बच्चे दोहरे गांव के एक मदरसे में पढ़ाई करते हैं। आज विद्यालय में अवकाश होने के कारण बच्चे मदरसे से छुट्टी लेकर टेंपो के जरिए अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दौराई गैस प्लांट के पास टेंपो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है।


### NAME CHANGE

I, Arati Ray Wife of Army No. 14646863N, HAV, Khirod Chandra Ray Residing at Vill & Po:- Bagar Gaon,Teh:- Bijni, Distt:- Chirang, Assam, Pin:-783390 have change my name from Aroti Barman to Arati Ray vide E-Stamp affidavit dt 02/ 02/2026 at court campus Bijni

### NAME CHANGE

I Tulsi Ram Lodhi, Father of Army No. 15789112L, Hav(DS), Lakhan Singh Lodhi Residing at Vill:- Hinnpur, Po:-Dugariya, Teh & Distt:- Sagar, M.P, Pin:- 470125 have change my name from Tulsi Ram Lodhi to Tulsiram Lodhi vide affidavit no. CA 923935 dt 19/01/2026 at court campus Nasirabad

### NAME CHANGE

I Shri Bai Lodhi, Mother of Army No. 15789112L, Hav(DS), Lakhan Singh Lodhi Residing at Vill:- Hinnpur, Po:-Dugariya, Teh & Distt:- Sagar, M.P, Pin:- 470125 have change my name from Shri Bai Lodhi to Shribai Lodhi vide affidavit no. CA 923934 dt 19/01/2026 at court campus Nasirabad

### NAME CHANGE

I Meena Kumari Wife of Army No. 15819126H, Hav, Sadik Beg Residing at Vpo:- Lower Basal, Teh & Distt:- Una, H.P have change my name from Meena Begum to Meena Kumari vide E-Stamp affidavit dt 16/12/2025 at court campus Una.


# कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने परीक्षा अनुभाग का औचक निरीक्षण किया

**■ कुलगुरु ने विशेष निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी छात्र को किसी प्रकार की असुविधा या बाधा का सामना न करना पड़े**

**अजमेर,(कासं)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में आज कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने परीक्षा अनुभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी कार्यों की प्रगति, अभिलेखों की स्थिति, विद्यार्थियों की शिकायतों तथा काउंटर सेवाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने वहां उपस्थित विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई छात्रों ने प्रवेश-पत्र, परिणाम, पुनर्मूल्यांकन एवं अंकतालिका से संबंधित कठिनाइयों की जानकारी दी। कुलगुरु ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक छात्र की समस्या का हाथोंहाथ समाधान किया जाए तथा अनावश्यक विलंब और प्रक्रियात्मक अड़चनों को तत्काल समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व है कि विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कुलगुरु ने परीक्षा अनुभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यों में संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का परिचय दें तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी छात्र को काउंटरों के बीच भटकना न पड़े और एक ही स्थान पर उसकी समस्या का समाधान सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में तैनात सुरक्षा कार्मिकों को भी कुलगुरु ने विशेष निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी छात्र को किसी प्रकार की असुविधा या बाधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य अनुशासन के साथ-साथ छात्रों की सुविधा और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना भी है। कुलगुरु प्रो. अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-केन्द्रित शासन प्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इसी भावना से नियमित निरीक्षणों के माध्यम से सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाएगा।

# रेडक्रास भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 42 ने किया रक्तदान

**अजमेर, ( कासं )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अजमेर, इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं सम्भागीय रक्तकोष जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रेडक्रास भवन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 42 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

शिविर को संबोधित करते हुए सम्भागीय रक्तकोष के डॉक्टर विभाह ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में लगभग पांच लीटर रक्त होता है, जिसमें से प्रत्येक तीन माह में लगभग साढ़े तीन सौ ग्राम रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। इसके विपरीत नए रक्त के निर्माण से शरीर में स्फूर्ति और ताजगी बनी रहती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संयोजक डॉक्टर प्रेरणा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं के शिकार व्यक्तियों, अस्पतालों में आकस्मिक जरूरतों तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय रक्तदान से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। रेडक्रास के सचिव भगवानसिंह ने युवाओं से आव्हान किया कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, धार्मिक पर्व, विश्व रक्तदाता दिवस अथवा विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे अवसरों पर नियमित रूप से रक्तदान करें। रेडक्रास के वाइस चेयरमैन सोमरत्न आर्य ने कहा कि जीवन में जीते जी रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान को आदर्श बनाना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं से इस संदेश को समाज में फैलाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर संगठन सचिव जीवनसिंह चौहान ने सभी रक्तदाताओं, भारतीय रेडक्रास समिति के पदाधिकारियों एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में वाइस चेयरमैन सोमरत्न आर्य, संगठन सचिव जीवनसिंह चौहान, सचिव भगवानसिंह, सदस्य सत्यपाल पिलानिया, भागचंद गर्ग, ज्ञानसिंह पंवार, कार्यालय अधीक्षक गजेन्द्रसिंह, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण समन्वयक दिनेश सिंह, कैलाश आर्य, सुआलाल, सिस्टर सरला कन्नौजिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मसूदा में रियल एस्टेट कंपनी पर धोखाधड़ी के आरोप

**मसूदा( निसं )।** कस्बे में पिछले कई वर्षों से संचालित रियल प्रभु रियल एस्टेट कंपनी के मालिक गजराज सिंह धोलादाता के विरुद्ध धोखाधड़ी कर राशि हड़पने के आरोप में अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा पुलिस थाना मसूदा में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं।

भेरू खेड़ा निवासी परिवादी मदन सिंह ने अपने अधिवक्ता पवन कुमार जीनगर के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। परिवादी ने बताया कि वर्ष 2022 में गजराज सिंह रावत पुत्र लक्ष्मण सिंह द्वारा मसूदा सेकंड क्षेत्र में स्थित राजस्व भूमि पर लक्ष्मी नगर नाम से आवासीय कॉलोनी विकसित करने का दावा किया गया था। कॉलोनी का ब्लूप्रिंट दिखाकर भूखंड बेचे गए और परिवादी द्वारा पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। परिवादी के अनुसार जब भूखंड की रजिस्ट्री कराने का समय आया तो गजराज सिंह लगातार टालमटोल करता रहा। बाद में जब परिवादी ने राजस्व रिकॉर्ड की जांच करवाई तो पता चला कि जिस भूमि पर कॉलोनी विकसित की गई थी, वह अनुसूचित जाति वर्ग के अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है।

जानकारी सामने आने के बाद मदन सिंह ने मसूदा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर न्यायालय ने मामला दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस थाना मसूदा में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार गजराज सिंह धोलादाता के विरुद्ध अन्य व्यक्तियों द्वारा भी इसी प्रकार के आरोपों को लेकर मामले दर्ज कराए गए हैं।


## कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: योजना/2025-26/ | सार्वजनिक सूचना | दिनांक-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रभजोत सिंह वालिया पुत्र श्री चरण सिंह अहलुवालिया निवासी प्लॉट सं. ई-12 शास्त्रीनगर, अजमेर के द्वारा नगर निगम की शास्त्रीनगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या E-12 क्षेत्रफल 600 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन स. LSG/AJMER/MUT/2025-26/166244 दिनांक 22.12.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री चरण सिंह अहलुवालिया पुत्र श्री नन्द सिंह अहलुवालिया के नाम से दर्ज है। श्री चरण सिंह अहलुवालिया का स्वर्गवास दिनांक 05.02.2000 को हो चुका है। श्री चरण सिंह अहलुवालिया जरिये वसीयत दिनांक 12.11.1999 के द्वारा श्री प्रभजोत सिंह वालिया को वसीयत निष्पादित की गई। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने / पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। -(कीर्ति कुमावत ) उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

## -आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री सालासर कृपा स्टोन क्रेशर, ख.न. 810/80 एवं ख.न. 6067/5822. रामदेव जी मंदिर के पास गाँव सारनिया, तहसील मसूदा जिला ब्यावर राजस्थान 305901 में स्थित है, जिसका रजिस्ट्रेशन न. RF/AJM/2024/4142 है और जिसमे 13/11/2024 से निम्न भागीदार चले आ रहे थे:- 1. जितेंद्र दाधीच पुत्र श्री सत्य नारायण दाधीच उम्र 51 निवासी 7-8, नाकोडा कॉलोनी, अजमेर रोड, ब्यावर, राजस्थान-305901 2. दीपक शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा उम्र 40 निवासी तहसील-मसूदा, खरवा, ब्यावर, राजस्थान-305901 3. हरदेव सिंह रावत पुत्र श्री हरजी सिंह उम्र 62 निवासी गाँव-रामपुरा, तहसील- मसूदा, वाया-खरवा, जिला-ब्यावर, राजस्थान- 305901 4. नरेंद्र सिंह कानावत पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह कानावत उम्र 31 निवासी सिंहलो का मौहल्ला, मसूदा, ब्यावर, राजस्थान-305901 यह कि दिनांक 22/01/2026 को निष्पादित सेवानिवृत्ति सह साझेदारी नामे से 1. जितेंद्र दाधीच पुत्र श्री सत्य नारायण दाधीच उम्र 51 निवासी 7-8, नाकोडा कॉलोनी, अजमेर रोड, ब्यावर, राजस्थान-305901। 2. नरेंद्र सिंह कानावत पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह कानावत उम्र 31 निवासी सिंहलो का मौहल्ला, मसूदा,ब्यावर, राजस्थान-3059011 उक्त भागीदारी से अपनी स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये है। अब हमारी फर्म मैसर्स श्री सालासर कृपा स्टोन क्रेशर में निम्न भागीदार हो गये है 1. दीपक शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा उम्र 40 निवासी तहसील मसूदा, खरवा, ब्यावर, राजस्थान-3059011 2. हरदेव सिंह रावत पुत्र श्री हरजी सिंह उम्र 62 निवासी गाँव-रामपुरा, तहसील मसूदा,वाया-खरवा, जिला-ब्यावर, राजस्थान-3059011 इस सम्बन्ध मे किसी को कोई आपति हो तो कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उधोग केन्द्र, ब्यावर, मे सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें। बाद अवधि कोई आपित स्वीकार्य नहीं होगी।

-स्थान: ब्यावर, भवदीय-दीपक शर्मा भागीदार

## कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2116 | जाहिर आम सूचना | दिनांक-04-2-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/1, नाका मदार, अजमेर क्षेत्रफल 42.95 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्रीमती हीरू रामनानी पत्नि श्री जमनादास रामनानी को आवंटित कर को आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्रीमती हीरू रामनानी पत्नि श्री जमनादास रामनानी द्वारा दिनांक 16.11.2011 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्रीमती हीरू रामनानी पत्नि श्री-जमनादास रामनानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती हेमलता गोरानी पत्नि श्री विनोद गोरानी को दिनांक 17.11.2011 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती हेमलता गोरानी पत्नि श्री विनोद गोरानी के पक्ष में दिनांक 19.01.2016 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती हेमलता गोरानी पत्नि श्री विनोद गोरानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती निर्मला देवी छीपा पत्नि श्री प्रकाश छीपा को दिनांक 07.12.2015को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1882 में पृष्ठ संख्या 56 क्रम संख्या 201503001105779 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4521 के पृष्ठ संख्या 52 से 64 पर दिनांक 07.12.2015 को वस्पा किया गया है। अब श्रीमती निर्मला देवी छीपा पत्नि श्री प्रकाश छीपा ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती निर्मला देवी छीपा पत्नि श्री प्रकाश छीपा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

## कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2112 | जाहिर आम सूचना | दिनांक-05-2-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/52-F, नाका मदार, अजमेर क्षेत्रफल 42.187 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री नारायण दास पुत्र श्री रामचन्द्र को आवंटित कर दिनांक 11.12.1989 को उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री नारायण दास पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा जरिये इकरारनामा मुख्तयारनामा एवं वसीयतनामा के आवास का बैचान श्रीमती लक्ष्मी बाई पुत्री श्री लादूराम को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 31.03.2013 को श्रीमती लक्ष्मी बाई पुत्री श्री लादूराम के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती लक्ष्मी बाई द्वारा दिनांक 31.03.2013 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती लक्ष्मी बाई पुत्री स्व. श्री लादू सिंह एवं पत्नि श्री किशन सिंह की मृत्यु दिनांक 03.10.2020 को हो जाने के कारण उनके भतीजे श्री किशोर सिंह राठौड़ पुत्र स्व. श्री पांचू सिंह राठौड़ द्वारा वसीयतनामा प्रस्तुत कर मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री किशोर सिंह पुत्र स्व. श्री पांचू सिंह राठौड़ ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री किशोर सिंह पुत्र स्व. श्री पांचू सिंह राठौड़ का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

### प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, अजमेर**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर: DEV/AJMER/TRUST/2026/674

चूंकि प्रार्थी श्री SUBHASH CHANDRA LADDHA, 393 NEAR RAGHUNATH MANDIR KE PASS PHOOLIYA KALAN BHILWARA ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री कल्याण सेवा संस्थान फूलिया कलां, PHOOLIYA KALAN BHILWARA के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत् दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा पुदत्त शक्तियों के पुयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस पुकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त पून्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो पुस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत् निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच मूसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 01-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 27/04/2026

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, अजमेर

## कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत, पंचायत समिति अरांई अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.भो/निर्माण/2025-26/72 | दिनांक: 04-02-2026

### सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति अंराई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत भोगादीत में कार्य का नाम 1. ग्राम गागुन्दा में शेष रहे विभिन्न स्थानों तथा सार्वजनिक गलियों में प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट कार्य 2. ग्राम पंचायत भोगादीत में शेष रहे स्थानों पर स्ट्रीट लाइट कार्य पूर्व कार्य के आलावा 3. ग्राम पंचायत भोगादीत के ग्राम माला में शेष रहे विभिन्न स्थानों तथा सार्वजनिक गलियों में स्ट्रीट लाइट कार्य पूर्व में कार्य के अतिरिक्त कार्यों के लिए सिमित निविदाए आंमत्रित कि जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है। 1.Bid code ZAJ2526A1826 UBN is : ZAJ2526WSLB01964 2. Bid code ZAJ2526A1827 UBN is: ZAJ2526WSLB01965 3. Bid code ZAJ2526A1828 UBN is: ZAJ2526WLB01966

प्रशासक,
ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत
समिति अरांई, अजमेर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत
समिति अरांई, अजमेर


# भाजपा आईटी व साइबर टीम की बैठक आयोजित

**अजमेर,(कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के आईटी एवं साइबर की एक संयुक्त बैठक का आयोजन राधे कॉम्प्लेक्स, सोशल मीडिया-भाजपा मीडिया सेंटर, वैशाली नगर, अजमेर में किया गया।

बैठक में नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी डॉ अरविंद शर्मा गिरधर का अभिनंदन और स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा अजमेर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि बजट 2026 देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिला एवं किसान-सभी वर्गों को सशक्त बनाने वाला बजट है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बजट की सकारात्मक उपलब्धियों को सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जाए। साथ ही उन्होंने आगामी 7 फरवरी को अजमेर में होने वाली सोशल मीडिया वॉलीएंटर बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उसकी रूपरेखा पर मार्गदर्शन दिया।

# लायंस क्लब की तृतीय प्रांतीय केबिनेट मीटिंग मंदसौर में 22 को

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई-2 की तृतीय प्रांतीय केबिनेट मीटिंग आगामी 22 फरवरी को मंदसौर में आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रातः 10.15 बजे से होटल नक्षत्र में प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक की थीम 'आओ खुशियां बांटे' रखी गई है। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस क्लब मंदसौर के आतिथ्य में होने वाली इस प्रांतीय बैठक में विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों, प्रशासनिक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन एवं वाइस जीईटी एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन मनीष शाह उपस्थित रहेंगे।


